# ब्लैकलिस्ट करने चेतावनी दी तो पाक बोला लागू करेंगे एफएटीएफ का ऐक्शन प्लान

चेतावनी

एफएटीएफ का अल्टिमेटम, फरवरी 2020 तक नहीं लिया ऐक्शन तो होगी कार्रवाई

- जब तक एफएटीएफ कोई फैसला नहीं लेता तब तक पाक ग्रे लिस्ट में बना रहेगा
- पाक के प्रतिनिधिमंडल ने एफएटीएफ के ऐक्शन प्लान को लागू करने को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर की



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। टैरर फंडिंग पर एफएटीएफ की चेतावनी से पाकिस्तान पूरी तरह सहम गया है। इसी का असर है कि अब उसने आतंक को होने वाली फंडिंग रोकने के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की है। पाकिस्तान ने शुक्रवार को कहा कि वह फाइनैंशल ऐक्शन टास्क फोर्स के ऐक्शन प्लान को पूरी तरह लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान का यह बयान तब आया है, जब एफएटीएफ ने इस्लामाबाद को कड़ी चेतावनी देते हुए फरवरी तक का अल्टिमेटम दिया है। एफएटीएफ ने कहा कि यदि पाकिस्तान ने फरवरी तक उसने टैरर फंडिंग पर प्रतिबंध नहीं लगाया तो उसे ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

एफएटीएफ ने पाकिस्तान को दिए गए 27 लक्ष्य पूरा न होने पर गहरी चिंता जाहिर की है। पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल ने एफएटीएफ को भरोसा दिलाया है कि वह उनके ऐक्शन प्लान पर काम करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पाक प्रतिनिधिमंडल ने एफएटीएफ के डेलिगेशन के साथ मीटिंग कर ऐक्शन प्लान पर हुई प्रोग्रेस पर भी जानकारी दी।

एफएटीएफ ने पैरिस में अपनी पांच दिन की बैठक में पाकिस्तान को चेतावनी दी है। साथ ही उसके ग्रे लिस्ट में बने रहने का फैसला बरकरार रखा है। एफएटीएफ ने ग्लोबल फाइनैंस इंस्टिट्यूशंस को कहा है कि यदि पाकिस्तान अपने टारगेट के पूरा करने में विफल रहता है तो वे अपनी कार्रवाई करें। इस पूरे मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया, मीटिंग में फैसला हुआ कि पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में रखा जाएगा। और उसे चेतावनी दी कि वह फरवरी 2020 तक पर्याप्त कदम उठाए।

हालांकि ग्रे लिस्ट में होने के बाद भी पाक के लिए आईएमएफ, वर्ल्ड बैंक, एडीबी और यूरोपियन यूनियन से मदद लेना काफी मुश्किल होगा। साथ ही तब तक मूडी, एस ऐंड पी, फिच भी उसकी रेटिंग में सुधार नहीं कर सकेगा, जिस कारण उसकी स्थिति और बिगड़ सकती है।

एफएटीएफ के बयान के मुताबिक, पाकिस्तान ने लश्कर, जैश, हिज्बुल जैसे आतंकी संगठन को होने वाली फंडिंग पर रोक लगाने के लिए 27 में से 5 टारगेट को ही पूरा किया है। एफएटीएफ ने कहा कि पाकिस्तान को फरवरी 2020 तक सभी टारगेट पूरे करने होंगे।

## न्यूज डायरी



### अरामको अटैकः सऊदी ने कहा, निःसंदेह ईरान ने कराया प्रायोजित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रियाद। सऊदी अरब ने अपने तेल क्षेत्र पर हुए हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया है। सऊदी ने कहा कि तेल क्षेत्र पर हमला श्उत्तरश् की तरफ से हुआ था,लेकिन वह यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि वास्तव में हमला किस तरफ से हुआ था, जो बिना संदेह ईरान द्वारा किया गया है। उधर, रक्षा मंत्री तुर्की अल–मलिकी ने बुधवार को कहा, हम वास्तविक लॉन्च पॉइंट को जानने की कोशिश करेंगे। उल्लेखनीय है कि ईरान ने अमेरिका को एक राजनयिक नोट भेज कर सऊदी अरब के तेल क्षेत्रों पर हमले में अपनी किसी भी भूमिका से इनकार किया है। साथ ही आगाह किया कि वह किसी भी कार्रवाई का पूरी मजबूती से जवाब देगा। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने बताया कि ईरान ने स्विट्जरलैंड के दूतावास के जरिये अमेरिका को औपचारिक रूप से नोट भेजा है।

### सीरिया से सैनिकों को हटाने का ट्रंप का फैसला रणनीतिक गलतीः मैकोनेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी सीनेटर मिच मैककोनेल ने सीरिया से सैनिकों को वापस बुलाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले की शुक्रवार को आलोचना करते हुए इसे एक रणनीतिक गलती बताया। मैककोनेल ने कहा कि ट्रंप के इस कदम से अमेरिका के शत्रुओं को मदद मिलेगी तथा उसके सहयोगी दलों को नुकसान होगा। मैककोनेल को ट्रंप का कट्टर समर्थक माना जाता है। अमेरिकी कांग्रेस में शीर्ष रिपब्लिकन मैककोनेल ने वाशिंगटन पोस्ट में प्रकाशित आलेख में लिखा, ''सीरिया से अमेरिकी सैनिकों को हटाना एक गंभीर रणनीतिक गलती है।'' उन्होंने कहा, ''यह अमेरिका के लोगों को और देश की सुरक्षा को कमजोर करेगा, हमारे दुश्मनों को मजबूत करेगा और महत्वपूर्ण गठबंधनों को कमजोर करेगा।''

### एफबीआई की 10 मोस्ट वॉन्टेड की लिस्ट में भारत का यह शख्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयार्क। अमेरिकी एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) की टॉप 10 मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में एक भारतीय भी शामिल है। शख्स का नाम भद्रेश कुमार पटेल है। उसने अपनी पत्नी का बेरहमी के कत्ल किया था। इस भगोड़े शख्स की एफबीआई को पिछले चार साल से तलाश है। अमेरिका और भारत में एक साथ की जा रही यह अब तक की सबसे बड़ी खोजबीन है।

गुजरात के अहमदाबाद के विरमगाम का रहने वाला पटेल एफबीआई की टॉप 10 मोस्ट वॉन्टेड की लिस्ट में शामिल है और उसके ऊपर एक लाख डॉलर (70 लाख रुपये) का इनाम है। एफबीआई के मुताबिक, पटेल कोल्ड–ब्लडेड मर्डरर और बहुत खतरनाक अपराधी है, जिसने मैरीलैंड स्थित हैनोवर के डंकिन डोनट स्टोर में बेहद सनकी तरीके से अपनी जवान पत्नी की हत्या कर दी थी। बता दें कि भद्रेश पटेल 2019 से ही एक जगह से दूसरी जगह भागता रहा है, तब से ही उसका नाम इस लिस्ट में बना हुआ है।

### हिलेरी क्लिंटन के ईमेल जांच मामले में 38 व्यक्ति नियम उल्लंघन के दोषी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी विदेश विभाग ने पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन के निजी ईमेल इस्तेमाल मामले की जांच पूरी कर ली है और पाया है कि 38 लोगों ने नियमों का उल्लंघन किया। इन लोगों को अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। रिपब्लिकन सीनेटर सेन चुक ग्रासली को इस सप्ताह भेजे गए पत्र के अनुसार तीन साल से ज्यादा समय तक चली जांच में पाया गया कि 38 लोग गोपनीय सूचनाएं भेजने के 91 मामलों में 'गुनाहगार' हैं जिसमें क्लिंटन के निजी ईमेल का इस्तेमाल किया गया। इन 38 लोगों में विदेश मंत्रालय के मौजूदा और पूर्व अधिकारी शामिल हैं लेकिन उनकी पहचान नहीं बताई गई है। हालांकि जांच में गोपनीय सूचनाओं के साथ जानबूझकर गड़बड़ी किए जाने के ठोस सबूत नहीं मिले हैं।

## तुर्की नीत हमलों में उत्तर पूर्व सीरिया में 14 नागरिकों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तुर्की नियंत्रण करना चाहता है

ताल तम्र (सीरिया)। तुर्की नीत बलों के हमले में शुक्रवार को उत्तर पूर्व सीरिया में 14 असैन्य नागरिक मारे गये। तुर्की के राष्ट्रपति ने अपना आक्रामक रुख और व्यापक करने की चेतावनी दी है। वहीं अमेरिका की मध्यस्थता से हुआ एक सौदा महज एक घंटे बाद कमजोर पड़ता दिखा।

सीरियन ऑब्सर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि बाब अल–खैर गांव पर और उसके आसपास तुर्की के हवाई हमलों और उसके सीरियाई नुमाइंदों के मोर्टार हमलों में 14 नागरिक मारे गये। इससे बृहस्पतिवार देर रात घोषित संघर्ष विराम समझौता कमजोर पड़ सकता है। यह समझौता संघर्ष का केंद्र बने सीमावर्ती शहर रस अल–आइन से तथा सीरिया की सीमा से लगे उन इलाकों से कुर्द लड़ाकों को निकाले जाने के लिए पांच दिन की शांति के लिए हुआ था जहां तुर्की नियंत्रण करना चाहता है।

तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने इस्तांबुल में संवाददाताओं से कहा, ''अगर मंगलवार शाम तक वादों पर कायम रहा जाता है तो सुरक्षित क्षेत्र के मुद्दे को सुलझा लिया जाएगा। अगर विफल हो जाते हैं तो 120 घंटे पूरे होते ही अभियान शुरू हो जाएगा।



बड़े भूकंप ड्रिल में भाग लिया न्यू जीलैंड के नागरिकों ने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंगटन। न्यू जीलैंड में स्थानीय निवासियों को भूकंप और सुनामी से बचने की ट्रेनिंग दी गई। नागरिक सुरक्षा मंत्री पीनी हेनरे ने बताया कि विश्व के सबसे बड़े भूकंप ड्रिल श्जकआउट में गुरवार को न्यू जीलैंड के हजारों नागरिक करीब 6.5 करोड़ लोगों ने हिस्सा लिया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, वार्षिक ड्रिल में लोगों को याद दिलाया जाएगा कि भूकंप के दौरान वे किस तरह गिरकर, खुद को ढक कर, रोक कर अपनी जान बचा सकते हैं। हेनरे ने कहा, 'पूरे न्यू जीलैंड में भूकंप का खतरा होने के साथ ही सारे तटीय क्षेत्रों पर सुनामी का खतरा भी है।

## इमरान खान ने घाटी में पाबंदियों के लिए भारत की निंदा की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पाकिस्तान ने 'कश्मीर दिवस' मनाया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने कश्मीरियों के साथ एकजुटता जाहिर करने के लिए शुक्रवार को 'कश्मीर दिवस' मनाया और प्रधानमंत्री इमरान खान ने जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किये जाने को लेकर भारत के खिलाफ एक और अभियान शुरू किया। जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा वापस लिये जाने और राज्य को दो केन्द्र शासित प्रदेशों में बांटे जाने संबंधी भारत के निर्णय के खिलाफ पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय समर्थन हासिल करने का असफल प्रयास किया था। भारत द्वारा पांच अगस्त को लिए गए फैसले के बाद पाकिस्तान ने नयी दिल्ली के साथ राजनयिक रिश्तों को कमतर करते हुए भारतीय उच्चायुक्त को निष्कासित कर दिया था। पाकिस्तान की प्रतिक्रिया को खारिज करते हुए भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को स्पष्ट रूप से बताया था कि कश्मीर पर उसका कदम एक आंतरिक मामला है। भारत का कहना है कि कश्मीर पाकिस्तान के साथ एक द्विपक्षीय मुद्दा है और इसमें किसी तीसरे पक्ष की भूमिका की जरूरत नहीं है। खान ने एक बार फिर कश्मीर मुद्दे पर भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ट्विटर पर निंदा की। उन्होंने ट्वीट किया,'' मोदी एक शेर की सवारी कर रहे हैं। आतंकवाद से लड़ने के लिए आपको 900,000 सैनिकों की आवश्यकता नहीं है, आपको 80 लाख कश्मीरी लोगों को आतंकित करने के लिए उनकी आवश्यकता है।''

खान ने फिर दावा किया कि जिस समय कश्मीर से प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे, वहां ''खूनखराबा'' होगा। भारत का कहना है कि कश्मीर में लगाये गये ज्यादातर प्रतिबंधों का उद्देश्य आतंकवादियों को शांति भंग करने से रोकना है। इस बीच रेडियो पाकिस्तान की खबर में कहा गया है कि कश्मीरी लोगों के साथ एकजुटता जाहिर करने के लिए देशभर में 'कश्मीर दिवस' मनाया गया।

### नोबेल कमेटी सदस्य ने पीटर हैंडके के चयन का बचाव किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** स्टॉकहोम। ऑस्ट्रियाई लेखक पीटर हैंडके को साहित्य के नोबेल पुरस्कार के लिये चयनित करने वाली कमेटी के एक सदस्य ने उन्हें यह पुरस्कार देने के विवादित फैसले का शुक्रवार को बचाव किया। हेनरिक पीटरसन ने कहा कि भविष्य में हैंडके को आयरिश उपन्यासकार सैमुएल बेकेट जैसा ही सुयोग्य व्यक्ति माना जाएगा। बेकेट को 1969 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला था। पीटरसन ने स्वेंस्का दागबलादेत अखबार में एक आलेख में लिखा, ''50 साल में...बेकेट की तरह ही पीटर हैंडके भी स्वीडिश एकेडमी की सर्वाधिक स्पष्ट पसंद में एक होंगे, जिस बारे में मैं आश्वस्त हूं।'' गौरतलब है कि हैंडके को नोबेल देने की घोषणा की बाल्कन क्षेत्र में तीखी आलोचना हुई क्योंकि उन्होंने सर्बियाई तानाशाह स्लोबोदान मिलोशेविच की प्रशंसा की थी। हैंडके 1990 के दशक में पूर्व युगोस्लाविया के रक्तरंजित विखंडन के दौरान सर्ब का मुखरता से बचाव करने वाले व्यक्ति के तौर पर उभरे थे। यहां तक कि उनकी तुलना नाजियों के काल के यहुदियों से की थी। हालांकि, बाद में उन्होंने अपनी यह टिप्पणी वापस ले ली थी।